उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,
लखनऊ–226010

संख्या–316 / 319 / चार / 309 / 2018 टी0सी0–1
लखनऊः दिनांक–20 सितम्बर, 2019

आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या–25–परीक्षा / 2016 द्वारा **कम्प्यूटर ऑपरेटर (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा–2016** के अन्तर्गत प्रदेश के विभिन्न विभागों के कम्प्यूटर ऑपरेटर पद हेतु कुल 79 पदों पर चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशित कर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

उक्त विज्ञापन के बिन्दु–12 में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पदों पर चयन हेतु परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम से यथासमय सूचित किये जाने का उल्लेख किया गया है।

तद्नुक्रम में शासन के पत्र दिनांक–05 सितम्बर, 2019 द्वारा उक्त विज्ञापन में विज्ञापित पद पर चयन हेतु परीक्षा की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम की स्वीकृति प्रदान की गयी है। स्वीकृत परीक्षा योजना में चयन का आधार केवल लिखित परीक्षा है।

अतः आयोग के उक्त विज्ञापन संख्या–25–परीक्षा / 2016 के अंतर्गत आवदेन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **कम्प्यूटर ऑपरेटर (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा–2016** के अंतर्गत विज्ञापित विभिन्न विभागों के रिक्त पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम संलग्न है।

(बिपिन कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक

कम्प्यूटर आपेरटर के पदों हेतु परीक्षा योजनाः—

प्रश्न पत्र भाग	विषय	प्रश्नों की सं0	निर्धारित अंक	समयावधि
भाग—1	सामान्य हिन्दी	20	20	एक घण्टा तीस मिनट
भाग—2	सामान्य बुद्धि परीक्षण	20	20	
भाग—3	सामान्य जानकारी	20	20	
भाग—4	कम्प्यूटर से सम्बन्धित प्रश्न	40	40	
	योग	100	100	

नोट— उपर्युक्त परीक्षा हेतु नेगेटिव मार्किग (ऋणात्मक अंक) दिये जाने का भी प्राविधान है,जो कुल 1/4 अंक(25 प्रतिशत होगी)

पाठ्यक्रम

भाग—1 सामान्य हिन्दी— इस प्रश्न पत्र में अभ्यर्थियों से हिन्दी भाषा का ज्ञान तथा उनकी समझ एवं लेखन योग्यता के परीक्षण हेतु प्रश्न पूछे जायेगे। यह प्रश्न पत्र माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के हाई स्कूल परीक्षा के स्तर का होगा।

भाग—2 सामान्य बुद्धि परीक्षण—इस प्रश्न पत्र का उद्देश्य किसी नयी परिस्थिति को समझने,उसके विभिन्न तत्वों का विश्लेषण,पहचान करने तथा तर्क करने की योग्यता को मापना है। अतः इस प्रश्न पत्र में अनुदेशों को समझने,संबंधों,संगतताओं का पता लगाने,निष्कर्ष निकालने और इसी प्रकार की बौद्धिक क्रियाओं पर आधारित प्रश्न होंगे।

भाग—3 सामान्य जानकारी— यह प्रश्न पत्र अभ्यर्थी के चारो ओर के वातावरण के बारे में उसकी सामान्य जानकारी तथा समाज में उसके इस्तेमाल के बारे में उसकी योग्यता आंकने के लिए है। इस प्रश्न पत्र में सम—सामयिक घटनाओं,प्रतिदिन दृष्टिगोचर होने वाले/ अनुभव में आने वाले तथ्यों जिनमें भारतीय परिप्रेक्ष्य में ऐतिहासिक एवं भौगोलिक तथ्य भी सम्मिलित होंगे,के साथ—साथ अभ्यर्थियों के वैज्ञानिक पहलुओं के ज्ञान से संबंधित प्रश्न रखे जायेंगे।

भाग—4 कम्प्यूटर से संबंधित प्रश्न— कम्प्यूटर का आधारिक ज्ञान, कम्प्यूटर का विकास,इन्टरनेट,डॉस/यूनिक्स/विन्डोज एन्वायरमेंट में एम0 एस0 आफिस / लोटस /स्मार्टसूट आदि जैसे भिन्न—भिन्न साफट्वेयरों पर अंग्रेजी और हिन्दी में डाटा इन्ट्री,नोवल और विन्डोज एन टी जैसे नेट वर्किंग प्लेटफार्म्स की जानकारी(एक्सपोजर) तथा कम्प्यूटर से संबंधित अद्यतन तकनीक आदि विषय से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे।

R..